ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com, vvs.jharkhand@gmail.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 15/2022-23 (श्रावण शुक्ल 11 वि. सं. 2079 युगाब्द 5124) दिनांक : 08/08/2022

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

विषय :- वंदे मातरम् गौरव गान।

आने वाला स्वाधीनता दिवस भारत की स्वतंत्रता का अमृतोत्सव दिन है। अपने सभी समविचारी संगठनों द्वारा इसे जनजागरण अभियान के रूप में समाज तक **'वंदे मातरम् गौरव गान'** के माध्यम से ले जाने की योजना है। संस्कार भारती को देश में इस कार्यक्रम के आयोजन के समन्वय का दायित्व दिया गया है। उसी के द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों की रूपरेखा उनके द्वारा प्रेषित प्रपत्र में वर्णित किए गए हैं। उसमें निम्नलिखित सामग्री का समावेश किया रहा है -

1. कार्यक्रम का परिचय पोस्टर
2. पंडित ओंकार नाथ ठाकुर, जिन्होंने 15 अगस्त, 1947 को आकाशवाणी पर वंदे मातरम् गायन किया था, उनका जीवन परिचय।
3. कार्यक्रम का प्रस्तावित स्वरूप एवं सूचनाएँ।
4. संकल्प का प्रारूप।
5. पंडित ओंकार नाथ ठाकुर का चित्र।
6. वंदे मातरम् की ऑडियो क्लिप।

आपसे आग्रह है कि विद्यालय परिसर से बाहर जनजागरण की दृष्टि से सेवा बस्ती / पोषक ग्राम / सरस्वती शिक्षा केन्द्र अथवा संपर्कित क्षेत्रों में (विद्यालय में आयोजित होने वाले नियमित कार्यक्रम के अतिरिक्त) आचार्यों के संरक्षण में भैया-बहनों द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों की योजना करें। इस प्रकार के आयोजनों में अभिभावकों, पूर्व छात्रों, प्रबंध समिति के कार्यकर्ताओं तथा समाज में अपने हितचिंतकों का सहयोग लेना अच्छा रहेगा। इसका वृत्त - कितने स्थानों पर / कितनी उपस्थिति (भैया-बहन, अभिभावक, पूर्व छात्र) संकलित कर प्रदेश कार्यालय को कार्यक्रम की समाप्ति पर अवश्य भेजें।

इतिशुभम् ! तत्रस्थ सबको नमस्कार।

भवदीय

08/08/2022

(अजय कुमार तिवारी)

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखंड